SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उदयम

मार्च 2014

बीआरपीएल की ओर से सभी उपभोक्ताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

समझदारी के साथ बिजली का इस्तेमाल कर कम करें बिजली बिल

कृपया बिजली का इस्तेमाल समझदारी के साथ करें। ऐसा करके (खासतौर पर पीक ऑवर में) आप अपने बिजली का बिल कम कर सकेंगें। आपके लिए बिजली बचत के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स:

- इलेक्ट्रानिक उपकरणों को 'स्टैंड बाय मोड' पर न रखें। मेंन स्विच से इन्हें बंद करें क्योंकि आपका मीटर ऐसी स्थिति में भी बिजली की खपत को रेकॉर्ड करता है।
- छत को सफेद रंग से पेंट कर दें या उस पर सफेद टाइल्स लगवायें। रेज़ीडेंशियल और कमर्शियल छत को सफेद रंग से पेंट कराने या उस पर सफेद टाइल्स लगवाने से एयरकंडीशन से होने वाले बिजली की खपत में 20 प्रतिशत तक की कमी आयेगी।
- एयर कंडीशनर चलाने पर प्रति घंटा 10 रूपये का खर्च आता है। आप अपनी खिड़कियों व दीवारों को पौधों से ढककर 40 प्रतिशत तक बिजली की खपत कम कर सकते हैं।
- एसी थर्मोस्टैट को 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, ताकि कम से कम कीमत पर बेहतर आराम मिले।

आपकी सेवा में 24x7

बीआरपीएल अपने 18 लाख उपभोक्ताओं को विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यद्यपि बीआरपीएल बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, लेकिन कभी–कभी हमारे प्रयास उन स्थितियों की वजह से पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाते हैं, जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में नहीं हैं।

बहरहाल, हम तैनात हैं और आपको बेहतर सेवाएं देने के लिए हमें आपके सहयोग की जरूरत है। अगर बिजली संबंधी कोई दिक्कत है, तो आप हम तक इन माध्यमों से पहुंच सकते हैं:

कॉल करें 24x7	399 99 707
एसएमएस	टाइप करें–बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 07 पर भेज दें।
आईवीआरएस	किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399 99 707 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

स्कूली बच्चों के लिए बीआरपीएल का "ऊर्जा कार्यक्रम"

बीआरपीएल ने हाल ही में ऊर्जा कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली के स्कूलों में की है जिसके जरिए ऊर्जा संरक्षण से जुड़ी सभी आवश्यक सूचनाओं को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत आवश्यक सूचनाओं मसलन ऊर्जा संरक्षण,विद्युत सुरक्षा,बिजली चोरी की समस्या,बीआरपीएल की विभिन्न सेवाएं और उपलब्धियों संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार एंव प्रसार सभी स्कूलों में किया गया। ये विद्यार्थी अपने परिवार और आस–पास के लोगों में संदेशों को प्रचारित एवं प्रसारित करने में मदद करेंगे।

इस प्रयास के जरिए बीआरपीएल दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के 17 स्कूलों के 15,000 बच्चों तक पहले ही पहुंच चुका है। आगामी कुछ सप्ताह में और भी स्कूलों को शामिल किया जायेगा।

आकर्षक कीमत पर खरीदें एलईडी

ऊर्जा संरक्षण के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, बीआरपीएल ने दिल्लीवासियों को एलईडी को डिस्काउंट दर पर उपलब्ध कराने के लिए एनर्जीनॉमिक्स के साथ समझौता किया है। इस स्कीम के तहत दिल्ली के लोग(5 वाट और 6 वाट) एलईडी **बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम इलाके के 19 कस्ट्मर केयर केंद्र से खरीद सकते है।**



फायदे

- ✓ एलईडी की तीन साल की रिप्लेसमेंट वारंटी के साथ स्पेशल ऑफर के तौर पर बिक्री होगी
- ✓ सीएफएल की तरह एलईडी में पारा और आरसेनिक की मात्रा शून्य
- ✓ एलईडी की रोशनी साधारण बल्ब की तुलना में आठ गुना ज्यादा ऊर्जा कुशल है जबकि सीएफएल की तुलना में दुगुना है
- ✓ सीएफएल और साधारण बल्ब की तुलना में एलईडी की औसत अवधि काफी ज्यादा है। एलईडी बल्ब लगभग 50,000 घंटे तक चलता है जबकि सीएफएल 8,000 से 10,000 घंटे तक चलता है। साधारण बल्ब 1,200 घंटे तक ही चलता है

एसएमएस और ईमेल के लिए रजिस्टर करें

बेहतर सेवा के लिए हमें सहयोग दें। बिलिंग,पेमेंट डिटेल और बिल ऑन ईमेल के लिए एसएमएस एलर्ट पाने हेतु कृपया अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर करें। विकल्प के तौर पर हमारे 24x7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें अथवा brpl.customercare@relianceada.com पर लिखें।

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy